**होगा विकास** इन सेक्टरों में जापानी, कोरियन और फिनटेक सिटी के अलावा आवासीय व औद्योगिक प्रॉजेक्ट विकसित होंगे

# चार नए सेक्टरों का लैंड बैंक तैयार करा रही यीडा

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा

**यमुना अथॉरिटी** ने अपने एरिया में स्थापित होने वाले चार नए सेक्टरों के लिए लैंड बैंक बनाने पर काम शुरु कर दिया है। इन सेक्टरों में 4ए, 5, 5ए और सेक्टर-11 को डिवेलप कराने के लिए लैंड बैंक बनाया जाना है। इन नए सेक्टरों में जापानी, कोरियन और फिनटेक सिटी के अलावा आवासीय व औद्योगिक परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। बता दें कि यमुना अथॉरिटी इन सेक्टरों का लैंड बैंक बनाने के लिए किसानों से आपसी सहमति पर सीधे जमीन खरीद रही है। इन चारों सेक्टर के लिए करीब दो हजार किसानों से 5,000 एकड़ जमीन सीधे खरीदी जाएगी। इसके लिए किसानों से संवाद स्थापित कर टीम सूची तैयार करने में जुट गई है। सेक्टर-4ए में कोरियन और 5ए में जापानी सिटी प्रस्तावित हैं। कोरियन सिटी के लिए 365 और जापानी सिटी के लिए 395 एकड़ जमीन खरीदी जानी है।


AI Image

## साल के अंत तक प्रक्रिया पूरी करने का प्लान

सेक्टर-11 में करीब 750 एकड़ में फिनटेक सिटी को विकसित किया जाएगा, जबकि सेक्टर-5 में ग्रुप हाउसिंग व आवासीय परियोजनाओं के अलावा बाल गृह, अनाथालय समेत अन्य विशेष सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं के लिए लैंड बैंक तैयार किया जाना है। प्राधिकरण एयरपोर्ट शुरू होने के साथ ही इन विशेष परियोजनाओं को भी धरातल पर उतारने की तैयारी में जुट गया है। इस वर्ष के अंत तक जमीन खरीद के साथ ही किसानों को मुआवजा वितरित करने तक की कार्ययोजना तैयार की गई है। साथ ही बता दें कि यमुना विकास प्राधिकरण ने वर्ष 2021 से जून 2025 तक करीब 5232.3380 एकड़ जमीन का अधिग्रहण व क्रय कर लिया है। इसमें एयरपोर्ट के दो चरणों समेत अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस, टॉय पार्क, अपेरल पार्क समेत अन्य परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहीत की गई है। वर्तमान में एयरपोर्ट और मेडिकल पार्क का काम तेजी से चल रहा है।